le: Regarding Setting up of Factory at Palamu.

श्री विष्णु दयाल राम (पलामू): सभापति महोदय, मैं अपने क्षेत्र के एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आपका ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । मैं पलामू संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं, जिसके दोनों जिले पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिले की श्रेणी में आते हैं । जब से ये अकांक्षी जिले घोषित हुए हैं, निश्चित रूप से स्थानीय प्रशासन की संवेदनशीलता बढ़ी है । उपायुक्त एवं विकास उपयुक्तों का प्रखंडों में दौरा हो रहा है, जनता की समस्याएं उनके द्वारा सुनी जा रही है । इससे हमारे यहां की समस्या का समाधान होने वाला नहीं है ।

मेरे क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या पलायनवाद की है, प्रति वर्ष करीब दो से तीन लाख लोग दूसरे राज्यों में रोजगार के लिए जाते हैं, जीविकोपार्जन के लिए जाते हैं । ऐसी परिस्थिति में वहां एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी, जो वर्षों से बंद पड़ी हुई है और उसके खुलने की भी कोई संभावना नहीं है । हालांकि सीमेंट फैक्ट्री दूसरे कंपनियों के द्वारा खोली जा सकती है । चूंकि वहां रॉ मेटेरियल है, पानी है, बिजली है और लेबर भी है । इसके अलावा रेलवे के द्वारा एक एक्सेल फैक्ट्री खोली जा सकती है या अन्य मंत्रालयों द्वारा इस दिशा में कदम उठाया जा सकता है ।

अत: मेरा आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि पलामू जैसे अत्यंत पिछड़े संसदीय क्षेत्र में किसी प्रकार की फैक्ट्री लगाने की व्यवस्था की जाए ताकि लोगों को रोजगार मिल सके । धन्यवाद ।